भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 4214
जिसका उत्तर मंगलवार 28 मार्च, 2017 को दिया जाना है

ऑटोमोबाइल उद्योग का संरक्षण

4214. श्री टी. जी. वेंकटेश बाबू:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि विमुद्रीकरण तथा अन्य कारकों के कारण देश में ऑटोमोबाइल उद्योग विशेषरूप से दुपहिया वाहन तथा ट्रक उत्पादक दबाव में हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार द्वारा ऑटोमोबाइल उद्योग को संरक्षण प्रदान करने हेतु क्या सुधारात्मक कदम उठाए जाने का विचार है?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री
(श्री बाबुल सुप्रियो)

(क) और (ख): भारी उद्योग विभाग ने ऑटो सेक्टर पर विमुद्रीकरण के प्रभाव के संबंध में कोई अध्ययन नहीं करवाया है।

(ग): प्रश्न नहीं उठता।

*****